# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पटना/ दिनांक 08/08/2017

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-02/ 2015 ...695... चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1** में अंकित विभिन्न सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।

अत: बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार अनुलग्नक-1 में अंकित सहकारी समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 15.09.2017 (शुक्रवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या-595 दिनांक 07.07.2017 से मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि 30.06.2017 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 02.08.2017 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।

बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा-14 में किये गये संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छ: पद आरक्षित होंगे।

(ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, स्थान उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद खाली रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष स्थान बच जाते हैं, उन स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन स्थानों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद खाली रहेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 19.08.2017 (शनिवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची ,उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**(फूल सिंह)**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 695 पटना/ दिनांक 08/08/2017

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 695 पटना/ दिनांक 08/08/2017

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 695 पटना/ दिनांक 08/08/2017

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 17.08.2017 (गुरूवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियां के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 695 पटना/ दिनांक 08/08/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 695 पटना/ दिनांक 08/08/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 695 पटना/ दिनांक 08/08/2017

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

## निर्वाचन देय सहकारी समितियों की सूची

| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | सहकारी समितियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | सीतामढ़ी | डुमरा | सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 नगर परिषद, सीतामढ़ी |
| 2 | सीतामढ़ी | डुमरा | प्रमोद सहकारी गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, सीतामढ़ी |
| 3 | सीतामढ़ी | डुमरा | वैदेही सहकारी गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, सीतामढ़ी |
| 4 | सीतामढ़ी | डुमरा | कैन्टीन सहयोग समिति लि0, सीतामढ़ी |
| 5 | सीतामढ़ी | डुमरा | सीतामढ़ी बोरा चट्टी बुनाई औधोगिक सहयोग समिति लि0 |
| 6 | सीतामढ़ी | रीगा | रीगा मिल्स प्रखंड सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 7 | सीतामढ़ी | परिहार | परिहार सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 8 | सीतामढ़ी | सोनबरसा | सोनबरसा प्रखंड सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 9 | सीतामढ़ी | बथनाहा | सिगरहिया फल सब्जी उत्पादक स0स0लि0 |
| 10 | शिवहर | पिपराही | पिपराही सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति लि0 |
| 11 | शिवहर | शिवहर | शिवहर अनुमंडल केन्द्रीय सहकारी उपभोगता भंडार लि0 |
| 12 | पूर्णिया | पूर्णिया पूर्व | भारतीय स्टेट बैंक गृह निर्माण समिति, पूर्णिया |
| 13 | समस्तीपुर | रोसरा | सी0 सी0 स्टोर पंजीया टोली वार्ड न.1 |
| 14 | समस्तीपुर | रोसरा | सी0 सी0 स्टोर चकथात |
| 15 | बांका | अमरपुर | वासुदेवपुर पश्चिमी भाग प्राथमिक विधुत करधा स0स0 लि0 |
| 16 | बांका | अमरपुर | वासुदेवपुर पूर्वी भाग प्राथमिक विधुत करधा स0स0 लि0 |
| 17 | बांका | रजौन | ओडहारा संयुक्त कृषि साख स0स0लि0 |
| 18 | बांका | रजौन | पुनसिया तेल उत्पादक स0स0लि0 |
| 19 | बेगूसराय | बेगूसराय | दिनेश्वर सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति लि0, नवकोपाल, बेगूसराय |
| 20 | बेगूसराय | बेगूसराय | गाँधी सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति, बेगूसराय |
| 21 | बेगूसराय | बेगूसराय | दिनकर सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति लि0, बेगूसराय |
| 22 | बेगूसराय | बरौनी | बरौनी सहकारी शीत भंडार लि0 |
| 23 | औरंगाबाद | मदनपुर | मदनपुर प्रखण्ड ग्रामीण गृह निर्माण सहयोग समिति लि0 |
| 24 | औरंगाबाद | मदनपुर | सलैया ग्राम पंचायत फल सब्जी स0स0 लि0 |
| 25 | औरंगाबाद | मदनपुर | सलैया ग्राम पंचायत धन कुट्टी सहयोग समिति लि0 |
| 26 | औरंगाबाद | मदनपुर | मदनपुर प्रखंड श्रमिक स0स0लि0, मदनपुर |
| 27 | औरंगाबाद | मदनपुर | सलैया ग्राम पंचायत श्रमिक स0स.लि0 |
| 28 | मधुबनी | रहिका | मधुबनी विर्भर्स हाउसिंग कॉलोनी,भौआड़ा |
| 29 | प0 चम्पारण | बेतिया | दी बेतिया पेरिस एण्ड थ्रिफ्ट को ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 |
| 30 | रोहतास | चेनारी | चेनारी प्राथमिक कम्बल बुनकर स0स0लि0, चेनारी |
| 31 | पटना | पटना सदर | बिस्कोमान कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 32 | पटना | पटना सदर | पालन बिहार गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 33 | पटना | पटना सदर | आदर्श को ऑपरेटिव हाउस कन्सट्रक्शन स0स0लि0 |
| 34 | पटना | पटना सदर | शिवपुरी सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 35 | पटना | पटना सदर | मृदुभाषी सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 36 | पटना | पटना सदर | रानी लक्ष्मीबाई सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 37 | पटना | पटना सदर | आजाद सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 38 | खगड़िया | खगड़िया | फरकिया चर्माधोग स0स0लि0 |
| 39 | सिवान | गुठनी | ग्रामोद्योग औधोगिक सहयोग समिति लि0, गुठनी |
| 40 | सिवान | हुसनैगंज | सितारा प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि0 |
| 41 | नालंदा | बिहारशरीफ | रंजना रंजन सहकारी गृह निर्माण समिति |
| 42 | नालंदा | बिहारशरीफ | शांति बिहार गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 43 | नालंदा | बिहारशरीफ | नालंदा सहकारी गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 44 | नालंदा | बिहारशरीफ | भाष्कर गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 45 | नालंदा | बिहारशरीफ | रंजना बिहार महिला विकास स0स0लि0 |
| 46 | नालंदा | अस्थावॉ | अस्थावॉ प्रखंड सहकारिता उपभोक्ता भंडार लि0, अस्थावॉ |
| 47 | नालंदा | अस्थावॉ | अस्थावॉ को-ऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज स0स0लि0, अस्थावॉ |
| 48 | नालंदा | अस्थावॉ | अस्थावॉ मोटर ट्रांसपोर्ट स0स0लि0, अस्थावॉ |
| 49 | नालंदा | अस्थावॉ | अस्थावॉ सहकारी गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 50 | नालंदा | बिन्द | धर्मपुर फल सब्जी उत्पादक स0स0लि0, बिन्द |
| 51 | नालंदा | वेन | ऑट सिंचाई स0स0लि0 |
| 52 | नालंदा | बिहारशरीफ | बिहारशरीफ को ऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज बड़ी पहाड़ी |
| 53 | जहानाबाद | जहानाबाद | प्रगतिशील सहकारी गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 54 | जहानाबाद | जहानाबाद | पटेलनगर गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 55 | जहानाबाद | जहानाबाद | जामुक श्रमिक सहयोग समिति लि0 |
| 56 | जहानाबाद | जहानाबाद | जहानाबाद गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 57 | जहानाबाद | जहानाबाद | जहानाबाद कॉपरेटिव कोल्ड स्टोरेज स0स0लि0 |
| 58 | जहानाबाद | घोषी | घोषी कॉपरेटिव कोल्ड स्टोरेज स0स0लि0 |
| 59 | सारण | रिविलगंज | ढेलराही सेमरिया श्रमिक स0स0 लि0 |
| 60 | सारण | रिविलगंज | गोदना गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 61 | सारण | एकमा | एकमा वॉयल मैन सहयोग समिति स0स0लि0 |
| 62 | सारण | छपरा | रतनपुरा सहकारी गह निर्माण स0स0लि0 |
| 63 | सारण | छपरा | आदर्श गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 64 | शेखपुरा | शेखपुरा | शेखपुरा ग्रामोदय सहयोंग समिति लि0 |
| 65 | नवादा | नवादा सदर | कृष्णा नगर सहकारी गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 66 | मुजफ्फरपुर | पारू | पारू प्रखंड तंबाकू उत्पादक स0स0लि0 |
| 67 | मुजफ्फरपुर | मुजफ्फरपुर | मॉ दुर्गा महिला विकास सहयोग स0स0लि0 |
| 68 | गया | नगर | चाकंद प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 69 | गया | नगर | मानिक प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 70 | गया | निमचकबथानी | कम्बल बुनकर स0स0लि0 |
| 71 | गया | नगर | पंचायती अखाड़ा प्राथमिक सहकारी उपभोगता भंडार लि0 |
| 72 | बक्सर | रघुनाथपुर | रघुनाथपुर ऊन बुनकर सहयोग समिति लि0 |

## अनुलग्नक-1 में उल्लिखित समितियों के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 19.08.2017 (शनिवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 05.09.2017 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 06.09.2017 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 07.09.2017 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 15.09.2017 (शुक्रवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 15.09.2017 (शुक्रवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |